## खबर संक्षेप

### खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन जप्त

**मण्डला।** खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरूद्ध प्राप्त शिकायत के आधार पर बुधवार को ग्राम बम्हनी में खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन ट्रैक्टर कमांक MP51AA4491 को खनिज विभाग द्वारा जप्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थाना बम्हनी की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहन के विरूद्ध म०प्र० खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।

### जुआ-सट्टा पर मंडला पुलिस की कार्यवाही 2 आरोपी गिरफ्तार,

**ताश की गड्डी, 4,100 नगद, अर्टिका कार एवं मोबाइल फोन जप्त**

**मण्डला।** पुलिस अधीक्षक मंडला के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला के मार्गदर्शन में अवैध जुआ-सट्टा गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी टाटरी पुलिस द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्यवाही की गई है।दिनांक 04.11.2025 को चौकी टाटरी पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सिमराहा के जंगल में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर रुपए-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर घेराबंदी करते हुए मौके पर दबिश दी गई। पुलिस टीम को देखकर जंगल का लाभ उठाकर कुछ जुआरी भागने में सफल हुए, जबकि दो व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया।आरोपी-1-चेतराम जंघेला पिता विष्णु प्रसाद जंघेला, निवासी ग्राम ग्वारा, थाना बम्हनी 40 वर्ष2-संदीप जंघेला पिता महेश जंघेला, निवासी ग्राम ग्वारा, थाना बम्हनी 28 वर्षजप्त सामग्री-1.52 ताश के पत्ते 2.नगद राशि 4,100/- 3.अर्टिका कार क्र. MH48F4725 (अनुमानित मूल्य 4,00,000/-) 4.एक मोबाइल फोन(अनुमानित मूल्य 10000/-) कुल मशरुका मूल्य लगभग- 4,14,100/- घटनास्थल पर जप्ती पत्रक तैयार कर आरोपियों के विरुद्ध धारा जुआ अधिनियम एवं संगठित अपराध के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।फरार आरोपियों में जुआ खिलाने वाले गणेश पटेल की पहचान कर ली गयी हैं एवं फरार जुआरियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी हेतु कार्रवाई जारी है। पुलिस टीमचौकी प्रभारी - उनि. पुनीत वाजपेईचौकी प्रभारी पांडीवारा - राजेन्द्र सिलेवार, सउनि. जगदीश जामुनकर, का.प्र.आर. दिव्यप्रकाश, जितेन्द्र परते,आर. प्रभात, संजय, भानुप्रताप, विनोद, दीनदयाल कार्रवाई में शामिल रहे।

### तेज रफ्तार बाइक पत्थर से टकराई एक गंभीर घायल

सिवनी। जिले के कुरई थाना क्षेत्र में नागपुर रोड पर देर रात एक तेज रफ्तार बाइक बेकाबू होकर पत्थर से टकराकर फिसल गई। इस हादसे में बाइक सवार महेंद्र पटले (35) गंभीर घायल हो गया। कुरई अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, महेंद्र पटले खवासा की ओर से कुरई आ रहा था। नागपुर रोड के पास उनकी बाइक सड़क पर पड़े पत्थर से टकरा गई, जिससे वह बेकाबू होकर फिसल गई।

## गुणवत्ताहीन कामों को लेकर आए दिन होती शिकायतें

# भारी भरकम बजट के बाद भी ग्राम पंचायतों में नहीं दिखता विकास





**मण्डला**

हर वर्ष ग्राम पंचायतों में विकास कार्यो को लेकर सरकार लमसम बजट दे रही है। मनरेगा सहित तमाम योजनाओं से ग्राम पंचायत क्षेत्रों का विकास किया जाता है यहां पर निर्माण कार्यो की लंबी श्रृंखला दिखाई देती हैं। पंचायतो मे शौचालय आवास सडक़ कचरा घर भवन से लेकर पानी रोको अभियान को लेकर चैक डेम, पुल पुलिया, ग्रेवल सडक़े, सोक फिट बनाए जाते हैं। इन कार्यो निर्माण कार्यो की समय अवधि कितनी रहती है। कोई भी निर्माण कार्य दो तीन साल में ही ध्वस्त होने लगता है। जिससे स्थानीय रहवासियों में रोष रहता है खासकर पुल पुलियां सडक़ और भवनों में यह स्थिति दिखाई देती हैं कमीशनखोरी के चलते यह स्थिति अधिक दिखती है। जिससे लोगों में नाराजगी है। पंचायती राज की सफलता के लगातार दावे किए जा रहे हैं, कागजों पर पंचायती राज काफी कुछ ठीक-ठाक नजर आता है लेकिन जब ग्रामीण अंचलों की ओर रूख किया जाता है तो पंचायती राज की हकीकत स्पष्ट दिखाई देती है। सरपंच-सचिव जनपद के अधिकारियों से सांठ-गांठ कर ग्रामीणों के अधिकारों का किस तरह दोहन करते हैं और शासन की लाभकारी योजनाओं का बंदरबांट मिलकर कर लिया करते हैं। पंचायती राज के सपने को साकार करने में किस तरह की कार्यप्रणाली अपनायी जाती है। जिले में नेताओं की कृपादृष्टि वाली अनेक पंचायतों को अनाप-शनाप राशि आवंटित की गई तो कई पंचायतें राशि के अभाव में दम तोड़ रही है जिन पंचायतों को धनराशि प्राप्त हुई है उनके अधिकांश पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्राम के समग्र विकास में रूचि न लेते हुए केवल अपने परिजन, नजदीकी नाते रिश्तेदारों को उपक्रत करने का ही काम किया, तालाब, कूप निर्माण, पुल-पुलिया, शौचालय, सडक़ें आदि बनवाने में जमकर शासन को चूना लगाया गया। अनेक ऐसी जगहों पर तालाब खुदवाएं जहां बरसात में भी पानी नहीं रूकता क्योंकि यह स्थल ऊंचाई वाले क्षेत्र में है। राजीव गांधी जलग्रहण योजना के तहत जल का स्तर ऊंचा उठाने में भारी धांधली होने के बावजूद अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। यही हाल समग्र स्वच्छता अभियान का भी रहा है। इस अभियान के अंतर्गत शौचालयों का निर्माण किये बिना ही राशि आहरण कर ली गई। डब्ल्यूबीएम मार्गों के निर्माण में भी लापरवाही बरती गई। खस्ता हाल पड़े ग्रामीण क्षेत्रों के पहुंच मार्गों से जन-प्रतिनिधियों का मूल रूप से निकलना संदेहों को जन्म देता है अधिकार प्राप्त नेताओं द्वारा जर्जर पहुंच मार्गों में कोई रूचि नहीं दिखाई जिसके चलते अनेक गांव बरसात में दुर्गंम टापू बन जाते हैं, वहीं कुछ गांवों में बरसात के बाद पहुंचना मुश्किल हो जाता है। ग्रामों में चलने वाली गुटबाजी के कारण ग्रामीण पहुंच मार्गों के निर्माण भ्रष्टाचार या फिर पेयजल के नाम पर की गई धांधली के खिलाफ कोई आवाज उठाने का साहस नहीं जुटा पाता है क्षेत्र में एक बार ग्राम पंचायतों का निर्वाचन होने के बाद व्यक्ति ग्राम का विकास न देखते हुए भाई भतीजावाद के शिकंजे में जकड़ा हुआ दिखाई दे रहा है? क्षेत्र की अनेक पंचायतों में पिछले पंचवर्षीय कार्यकाल व वर्तमान कार्यकाल में अनेक जगह गंभीर भ्रष्टाचार के खुले आरोप लगाए जाते हैं गंभीर शिकायत वाली पंचायतों पर कोई कार्यवाहीं नहीं की गई जिससे वर्तमान पंचायत प्रतिनिधि पुराने प्रतिनिधियों के नक्शे कदम पर चलकर पंचायती राज की खुलेआम धज्जियं उड़ाने से परहेज नहीं कर रहे हैं। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा शासन की अनेक लाभकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामवासियों को न देकर इनका फायदा अपने करीबियों व परिजनों को दिलाए जाने की शिकायतें आम हो गई है जिसके कारण योजना के पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित हैं वहीं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा मनमाने ढंग से निर्माण कार्य कराकर शासन के नीति निर्देशों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। पंचायतों के कार्यों की जांच की जाये तो मनमानी और धांधली का पर्दाफाश हो सकता है।




## 'भारत गोल्फ महोत्सव' का भव्य आयोजन 8 और 9 को, शामिल होंगे फिल्म स्टार रणदीप हुड्डा

**नमस्कार संस्कारधानी, मैं हूँ आपका अपना, रणदीप हुड्डा...**

**जबलपुर।** दोस्तों, मैं आ रहा हूँ... आपके अपने शहर, संस्कारधानी जबलपुर में... जबलपुर, जो सिर्फ़ संस्कृति और शौर्य का प्रतीक ही नहीं, बल्कि पर्यटन के लिए भी बेहद सुंदर है। दोस्तों, आपको यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि, गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 'भारत गोल्फ महोत्सव' का एक भव्य आयोजन किया जा रहा है... यह केवल गोल्फ इवेंट नहीं है, बल्की सितंबर, 2025 से जनवरी, 2026 तक भारत के विभिन शहरों में चलने वाली एक गौरव यात्रा है जिसमे गोल्फ फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया के प्रमुख उद्देशों जैसे वृक्षारोपण, में इन इंडिया का प्रमोशन एवं स्वस्थ जागरूकता आदि से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू हुए महोत्सव का भव्य समापन 12 जनवरी 2026, स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर होगा।8 और 9 नवम्बर को, शौर्य और संस्कृति की धरा जबलपुर के आर्मी क्षेत्र में, यह गौरवमय कार्यक्रम होने जा रहा है... देश के वीर जवानों के बीच। सम्मान, संस्कृति और संकल्प इस कार्यक्रम में वीर माताओं और वीर नारियों का हृदय से सम्मान होगा। यहाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, पर्यावरण को बचाने की दिशा में एक प्रयास होगा, हजारों की संख्या में प्लांटेशन और मैरोथन (दौड़) का आयोजन होगा। आइए, वीर सैनिकों के सम्मान में इस कार्यंक्रम में भाग ले, पेड़ लगाकर अपना योगदान दे। मैं इस भव्य आयोजन के लिए... लेफ्टिनेंट जनरल पद्म सिंह शेखावत जी (जिन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया है) आर्यवीर जी (जो इस फेडरेशन के फाउंडर हैं ) और देश के सभी वीर जवानों को मैं नतमस्तक होकर अपना आभार व्यक्त करता हूँ! जय हिंद, जय भारत, जय हिंद की सेना। मिलते हैं जबलपुर में, भारत के वीर जवानों से ।



## बम्हनी बंजर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

**मण्डला।**

बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी मंडला के निर्देशानुसार नगर परिषद बम्हनी बंजर द्वारा बाजार क्षेत्र में राजस्व और नगर पालिका के संयुक्त दल द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान सड़क और दुकान की निर्धारित लाइन के बाहर रखे गए सामान को नगर परिषद के कर्मचारियों ने जप्त किया तथा संबंधित दुकानदारों पर जुर्माना लगाते हुए रसीद काटी गई। अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध आगामी दिनों में भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि बाजार क्षेत्र में सुगम यातायात और स्वच्छता बनाए रखी जा सके।

## ऑपरेशन मुस्कान'' अभियान के तहत मंडला पुलिस द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**मण्डला।** पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा संचालित "ऑपरेशन मुस्कान" अभियान के अंतर्गत गुमशुदा अवयस्क बच्चों की शीघ्र एवं सुरक्षित दस्तयाबी, बाल अधिकार, बाल सुरक्षा एवं साइबर अपराध से बचाव हेतु मंडला जिला पुलिस द्वारा सतत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।आज दिनांक 05.11.2025 को डीएसपी (महिला सुरक्षा), मंडला के नेतृत्व में सेवा भारती छात्रावास में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं को लैंगिक अपराधों से सुरक्षा, हेल्पलाइन नंबर, साइबर सुरक्षा , एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई।थाना मंडला द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों किया गया । कार्यक्रम के दौरान रपटा घाट मंडला में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को"ऑपरेशन मुस्कान₹, बच्चों के अधिकार, बाल सुरक्षा, तथा बाल अपराधों से बचाव,साइबर क्राइम के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया।थाना प्रभारी महाराजपुर द्वारा संगमघाट क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में नागरिकों को ऑपरेशन मुस्कान के उद्देश्य, गुमशुदा बच्चों की त्वरित दस्तयाबी की प्रक्रिया तथा साइबर फ्रॉड से बचाव संबंधी सावधानियों से अवगत कराया गया।थाना नैनपुर द्वारा बालिका छात्रावास नैनपुर में कक्षा 9वीं से 12वीं की लगभग 60 छात्राओं को बाल अधिकार, साइबर सुरक्षा, गुड-टच/बैड-टच एवं हेल्पलाइन नंबर संबंधी जानकारी दी गई।इसके अतिरिक्त, थाना बिछिया द्वारा घुटास बीट में एवं थाना घुघरी द्वारा ग्राम कंडरा में ग्रामीण नागरिकों, अभिभावकों और महिलाओं को बच्चों की सुरक्षा, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने एवं रोकथाम उपायों पर जागरूक किया गया।

## भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती पर प्रत्येक बूथों में निकलेगी जनजातीय गौरव यात्रा, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक संपन्न

**मंडला**

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मंडला में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी 15 नवम्बर 2025 को मनाए जाने वाले "जनजातीय गौरव दिवस" की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर यह निर्णय लिया गया कि भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती को पूरे जिले में भव्यता और दिव्यता के साथ मनाया जाएगा।कार्यक्रम के तहत जिले के 945 बूथों में भव्य गौरव यात्रा निकाली जाएंगी, जिनमें जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। यात्राओं के दौरान भगवान बिरसा मुंडा के त्याग, बलिदान और उनके आदिवासी समाज के उत्थान में किए गए योगदान पर विशेष चर्चा की जाएगी। साथ ही जनजातीय शहीदों को नमन करते हुए उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया जाएगा।वही जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं के बीच चित्रकला, रंगोली, वाद-विवाद एवं परिचर्चा जैसी विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही जनजातीय समाज के शहीदों के परिजनों एवं समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान भी किया जाएगा, जिससे समाज में गर्व और प्रेरणा की भावना जागृत हो। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ. विजय सरवटे उपस्थित रहे।इस अवसर पर श्रीमती संपतिया उईके ने कहा कि "भगवान बिरसा मुंडा हमारे समाज के प्रेरणास्रोत हैं। उनका जीवन संघर्ष, त्याग और समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक है। भाजपा जनजातीय समाज के गौरव को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए कृतसंकल्पित है।मंत्री संपतिया उईके ने कहा कि





इस यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ तैयारी में जुट जाएं। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारे जनजातीय गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। हमें भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को घर-घर तक पहुँचाना है ताकि नई पीढ़ी उनके त्याग और संघर्ष से प्रेरणा ले सके।वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में जनजातीय समाज के गौरव को नई पहचान मिली है। जनजातीय गौरव दिवस के माध्यम से हम अपने महान नायकों के बलिदान को स्मरण करते हुए जनजातीय विकास के संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं।भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ. विजय सरवटे ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस हमारे समाज की अस्मिता और सम्मान का प्रतीक है। भगवान बिरसा मुंडा ने अपने अदम्य साहस से आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा की। हम सभी कार्यकर्ता उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लें और इस यात्रा को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएं।बैठक में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री सुधीर मरावी, वीरेंद्र उईके, भाजपा नेता डॉ विजय आनंद मरावी, जिला उपाध्यक्ष एमआर धुर्वे, निवास एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मानसिंह आर्मो, बिछिया एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष रूपसिंह परते, अंजनिया एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष फागूलाल मरकाम, मंडला एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष दशरथ तेकाम, घुघरी एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष भादूलाल उईके, भाजपा जिला महामंत्री नरेश चंद्रौल सहित मण्डल अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत, ललित लोधी, सूर्यकांत जंघेला, श्रीराम परते, संदेश जायसवाल, किशन तेकाम,डुमारी लाल कुम्हरे,अनीता तिवारी, धमेन्द्र मिश्रा, मालती मरावी, नीरज भटट सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अपर कलेक्टर ने किया मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य का औचक निरीक्षण

**मण्डला।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह ने 5 नवंबर को विधानसभा मंडला के नैनपुर विकासखंड में एसआईआर अभियान की प्रगति का जायजा लेते हुए समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र 107 मंडला के अंतर्गत नैनपुर विकासखंड में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत नैनपुर विकासखंड के कजरवाड़ा, पांडीवाड़ा और अमझर ग्राम का दौरा किया। डोर-टू-डोर सर्वे की प्रक्रिया का बारीकी से जायजा भी लिया।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करने और एन्यूमरेशन फॉर्म (गणना प्रपत्र) भरवाए जाने की प्रक्रिया का जायजा लिया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी बीएलओ को निर्देश दिये कि एसआईआर का यह महत्वपूर्ण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्चतम सटीकता के साथ पूर्ण किया जाए।

## मनी वाइज वित्तीय साक्षरता योजना के अंतर्गत जागरूकता अभियान



मण्डला। भारतीय रिजर्व बैंक परियोजना सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया से प्रायोजित मंडला में मनीवाइज समर्पित के द्वारा सीएफएल बिछिया ब्लॉक तथा घुघरी के ग्राम पंचायत सिंघनपुरी, मवई ब्लॉक के ग्राम पंचायत के नाहरगंज, बिछिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत खलोड़ी में वित्तीय साक्षरता जिसमें ईकेवाईसी और डीबीटी को समझाते हुए मनी वाइज वित्तीय साक्षरता योजना के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। बैंकिंग सेवा के माध्यम से पीएम सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, डिजिटल लेन-देन ऑनलाइन, केवाईसी व ईकेवाईसी की विस्तृत जानकारी एवं होने वाले फ्रॉड से अवगत कराया गया। गाँव के लोगों की समस्याओं सुनी गई एवं उसका हल निकाल के निराकरण किया गया। इस अवसर पर सीएफएल ब्लॉक काउंसलर श्री कमलेश दुबे, श्री नरेश गायकवाल, श्रीमती स्वाती सोनी, सीएफएल आरओ श्रीमती लक्ष्मी पटेल उपस्थित थे।

## औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण

**मण्डला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार तथा उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन मण्डला के मार्गदर्शन में औषधि निरीक्षक मण्डला एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी नैनपुर की संयुक्त टीम द्वारा तहसील नैनपुर के अंतर्गत स्थित डिठोरी एवं पिण्डरई क्षेत्र में संचालित विभिन्न औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। जहां निरीक्षण के दौरान औषधियों के क्रय विक्रय दस्तावेजों, भंडारण व्यवस्था, औषधि अनुज्ञापन की वैधता तथा पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति में औषधियों का क्रय विक्रय किए जाने का परीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान प्राप्त विवरण एवं जांच रिपोर्ट औषधि निरीक्षक मंडला द्वारा औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी जिला मंडला के बालाघाट की ओर प्रेषित कर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत विधिक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा औषधियों की गुणवत्ता नियंत्रण एवं जनसुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु इस प्रकार के निरीक्षण अभियान सतत रूप से संचालित किए जा रहे हैं। आमजन से अपील है कि वे औषधियाँ केवल वैध लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही क्रय करें तथा केवल पंजीकृत चिकित्सा प्रैक्टिशनर द्वारा प्रदत्त वैध पर्चे पर ही औषधियों का उपयोग करें।

**खबर संक्षेप**

## अज्ञात तत्वों ने घर के सामने खड़ी बाइक पर लगाई आग, जलकर हुई खाक

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** गुप्त केमरों से सुसज्जित नगर में जिस तरह आये दिन मोटर साईकिले चोरी होने सहित अन्य अपराधिक घटनाये सामने आते हुये देखी जा रही है वह निश्चित शहरवासियों के लिये दहशत में डालने से नही चूक रही है। अब हाल इस तरह देखने मिलना शुरू हो चुका है कि घरों के सामने खड़े रहने वाली मोटर साईकिलों में अज्ञात तत्वों द्वारा जिस तरह आग लगाते हुये जलाने की घटनाओं को अंजाम देते हुये देखे जा रहे है उससे शहर में सनसनी का महौल निर्मित होने से नही चूक पा रहा है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुई रात नगर के पटैल वार्ड में देखने मिली जब एक घर के सामने खड़ी हुई बाइक को अज्ञात तत्वों द्वारा आग लगा दी गई जिसके चलते वह जलकर खाक हो गई। बताया जाता है कि नगर के पटैल वार्ड में निवास करने वाले देवेन्द्र छिपा की मोटर साईकिल घर के पास खड़ी हुई थी। रात के लगभग 2 से 2.30 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति द्वारा उस में आग लगा देने के कारण जब आग की लपटे तेज हुई तो परिजनों सहित आसपास रहने वाले लोगों देखा तो मोटर साईकिल में आग लगी हुई थी। इस तरह घटित हुई घटना के चलते जहां वार्ड के लोगों में दशहत का महौल देखने मिल रहा है। वही दूसरी ओर पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस थाने में देते हुये आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है।

## धूमधाम के साथ मनाई गई सिंधी समाज द्वारा गुरू नानक देवजी की जयंती

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी नगर के सिंधी समाज द्वारा बीते हुये बुधवार को गुरू नानक देव जी की जयंती पर अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये। बताया जाता है कि इस मौके पर नगर के नये बस स्टेन्ड के पास स्थित झूलेलाल मंदिर में विशेष पूजन अर्चन किया गया। वही दूसरी ओर भजन कीर्तन के साथ प्रसादी का वितरण किया गया। इसके बाद दिन भर जहां अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये। वही स्टेशन के पास गुरूद्वारे पर भगवान की शोभायात्रा भी निकाली गई। समाज के अनेक युवा, वृद्ध व महिलाये भी महिलाये भी मौजूद रही।

## गुरूद्वारे में पूजन करते हुये सिंधी समाज के लोग

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहरवासियों के लिये रेल्वे स्टेशन के समीप शक्कर व सीतारेवा नदी के संगम पुल के नीचे लगने वाला मेला आकर्षण का केन्द्र रहने से नही चूकता है। क्योंकि यहां पर प्रतिवर्ष कार्तिका पूर्णिमा व मकर संक्राति के मौके पर मेले का आयोजन होता है। जिसमें सिर्फ नगर के लोग ही नही बल्कि दूर दूर गांवों के लोग अपने बच्चों को लेकर पहुंचते है तथा अनेक प्रकार के आयोजन करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये बुधवार यानि की कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर भी देखने मिला। बताया जाता है कि शहर के समीप संगम में रेल्वे पुल के नीचे लगे हुये इस मेले में नगर सहित क्षेत्र के गांवों का हुजूम उमड़ते हुये देखा गया। वही दूर दूर से दुकानदारों ने यहां पर पहुंचकर दुकानदारी की गई, वही सोमवार को गुरू नानक जयंती के मौके पर शासकीय अवकाश होने के कारण अनेक लोग इस स्थल पर पिकनिक बनाने के लिये भी पहुंचे जिसके चलते अनेक लोगों द्वारा संगम मेले में भर्ता बाटी का आयोजन करने के साथ मस्ती में डूबे हुये दिखाई पड़े।

## अग्रसेन महाराज पर की गई टिप्पणी को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के अग्रवाल समाज संगठन द्वारा बीते हुये दिवस अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावति व्यारे को पडौसी छत्तीसगढ़ राज्य के क्रांति सेना प्रमुख अमित बघेल द्वारा भगवान श्री अग्रसेन जी को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी पर विरोध प्रदर्शन करते हुये ज्ञापन सौपते हुये कार्यवाही की मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेखित किया गया है कि भगवान अग्रसेन महाराज भारतीय इतिहास के ऐसे आदर्श पुरूष है जिन्होंने समरसता, समानता, सेवा एवं अहिंसा के संदेश से समाज को दिशा दी है।

# कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर नर्मदा तटों पर उमड़ा जन सैलाब, ककरा घाट पर नहाने के दौरान एक किशोर की डूबने से हुई मौत, प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्थाओं की खुली पोल







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

प्रतिवर्ष देखा जाता है कि कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर पड़ने वाली पंचकोशी परिक्रमा के चलते जिस प्रकार से क्षेत्र के नर्मदा तटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ते हुये देखी जाती है उसके चलते नर्मदा तटों की स्थिति इस प्रकार से बन जाती है कि वहां पर पैर रखने के लिये भी जगह मिल पाना मुश्किल हो जाता है और इसी बात को ध्यान में रखते हुये प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किये जाने का भरोसा दिया जाता है। जब कोई घटना सामने आती है तो प्रशासन की व्यवस्थाओं की पोल खुलने से नही चूक पाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर माँ नर्मदाजी के ककरा घाट पर देखने मिली जहां पर एक लगभग 14 वार्षिय किशोर की नर्मदा में नहाते हुये डूबने से मौत की खबर ने संपूर्ण क्षेत्र में सनसनी का महौल निर्मित करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। इस प्रकार से कार्तिक पूर्णिमा के दौरान नर्मदा तटों पर उमड़ने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुये प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्थाओं की मांग करते हुये लगातार अवगत कराया जा रहा था। वही दूसरी ओर कार्तिक पूर्णिमा के एक दिन पहले यानि की मंगलवार को जिला कलेक्टर द्वारा जारी प्रेस विज्ञाप्ति में इस बात को भरोसा दिया गया था कि कलेक्टर ने माँ नर्मदाजी के ककरा घाट सहित अन्य घाटों का दौरा करते हुये निरीक्षण करने के साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। मगर जब यह यह घटना घटित हुई तो लोग हैरत में पड़ने से नही चूक पाये जब बच्चें के डूबने के उपरांत काफी समय तक खोजने के लिये न तो शासन द्वारा नियुक्त किये गये गोताखोर नजर आ रहे थें और न ही प्रशासन का कोई जिम्मेदार अधिकारी..? इस स्थिति में जहां किशोर के माँ बाप बिलाप करते हुये मेले क्षेत्र में मौजूद हर व्यक्ति की आंखों को नम करने में कोई कसर नही छोड़ रहे थें तो नारियल एकत्र करने वाले नाविक जरूर किशोर को खोजने के प्रयास में जुटे हुये दिखाई पड़ रहे थें। हर साल कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नर्मदा तटों पर जिस तरह भीड़ उमड़ते हुये देखी जाती है। यह सच्चाई प्रशासन के अधिकारियों से छिपी नही है। वही दूसरी ओर बीते हुये कुछ वर्षो में देखने मिला है कि क्षेत्र के अनेक जगहों पर घटनाएं घटित होने के कारण लोगों की जिन्दगी खतरे में पड़ जाने की बात को ध्यान में रखते हुये अधिकारियों द्वारा पुख्ता इंतजाम मांग की जा रही थी। इस बात को लेकर अधिकारियों द्वारा जारी की गई समाचार सूचनाओं में पुख्ता व्यवस्थाओं की बात कही जा रही थी। मगर इसके बाद भी इस घटना ने निश्चित ही सबाल खड़े करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है।

घटना को लेकर बताया जाता है कि गाडरवारा जगदीश मंदिर के पास निवासी मोहित पिता संतोष सोनी उम्र लगभग 14 साल अपने अन्य दोस्त भूपेन्द्र व जुबेद के साथ नर्मदाजी के ककरा घाट गया हुआ था। इस दौरान तीनों दोस्त नर्मदा नहाने के दौरान गहरे पानी में चले गये जिसके जब तीनों डूबने लगे तो मौजूद लोगों द्वारा भूपेन्द्र व जुबेद को बचाने में सफलता हासिल कर ली गई। मगर मोहित सोनी डूबने से नही बच पाया। इस तरह घटना घटना के चलते जहां ककराघाट मेला स्थल पर सनसनी का महौल निर्मित होने से नही चूक पाया था। वही दूसरी ओर मासूम के माता पिता का रो रोकर बुरा हो रहा था। इस तरह घटित हुई घटना की सूचना मिलने के बाद तेंदूखेड़ा पुलिस सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और नर्मदा में डूबे हुये किशोर की खोजबीन शुरू की गई। क्योंकि माँ नर्मदाजी के ककरा घाट सहित समीपस्थ लिंगा खुर्द घाट बीते हुये कुछ वर्षो से इस तरह की घटनाओं के लिये प्रसिद्व हो चुके है। मगर इसके बाद भी इन घाटों को लेकर प्रशासन की उदासीनता सबाल खड़े करने से नही चूकती है। वैसे इस साल लिंगा खुर्द घाट पर तो सुरक्षा व्यवस्था के लिये अधिकारी व पुलिस बल तैनात नजर आया है जिसके चलते समाचार लिखे जाने तक कोई घटना सामने नही आई है। मगर ककरा घाट पर घटित हुई घटना से समीपस्थ तेंदूखेड़ा पुलिस सहित वहां के अधिकारियों पर व्यवस्थाओं को लेकर कटघरे में खड़ा करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। क्योंकि गाडरवारा क्षेत्र के झिकोली, शोकलपुर नीलकुंड घाट, ककरा व भटेरा सहित थरेरी व कोठिया, लिंगा खुर्द नर्मदा घाट क्षेत्र के श्रद्वालुओं के लिये नर्मदा स्नान करने व पूजन करने के लिये प्रमुख माने जाते है जहां पर हर पूर्णिमा के मौके पर नर्मदा भक्तों की भीड़ उमड़ने से नही चूकती है। जिसमें प्रमुख रूप से कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर पड़ने वाली पंचकोषी परिक्रमा की सच्चाई किसी से छिपी नही रहती है। प्रतिवर्ष इस दिवस यहां पर हजारों की संख्या में भक्त इन घाटों पर पहुंचकर जहां माँ नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाते हुये पूजन अर्चन करते हुये भण्डारों का आयोजन भी करते है। इसी के चलते बीते हुये मंगलवार की रात से ही भक्तों के पैदल जत्था पहुंचना शुरू हो गये थें जिसमें अधिकांश लोगों द्वारा तो स्नान कर लिये गये थें तो कुछ लोगों द्वारा वहां पर विश्राम करते हुये नर्मदाजी के तट पर भजन कीर्तन करते हुये देखा गया और सूर्य उइदय होने के बाद ही माँ नर्मदाजी की निर्मल नीर में डुबकी लगाते हुये पुण्य लाभ अर्जित किया। इस प्रकार का हाल नर्मदाज के सिर्फ एक ही घाट का नही बल्कि झिकोली, शोकलपुर, ककराघाट, थरेरी, कोठिया घाट, घघरौला खुर्द, लिंगा खुर्द सहित लगभग सभी घाटों पर भीड़ का आलम देखने मिला। वही नर्मदाजी के पावन माने जाने समीपस्थ लिंगा खुर्द नर्मदा तट पर अनेक भक्तों द्वारा आयोजित भजन कीर्तन में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पहुंचकर माँ नर्मदाजी का आर्शीवाद ग्रहण किया। इस तरह बीते हुये बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा पर माँ नर्मदाजी के सभी घाटों पर भीड़ का आलम देखने मिला। वही दूसरी ओर हर वर्ष देखा जाता है कि माँ नर्मदाजी के ककराघाट पुल पर पलोहा पुलिस की अनदेखी के चलते जिस तरह जाम की स्थिति निर्मित होती है जिससे नर्मदा स्नान करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करते हुये देखा जाता है। क्योंकि इस मार्ग से जिस तरह भारी भरकम डम्फरों की धमाचौकड़ी होती है। उसे लेकर लगातार मांग उठाई जाती है कि पूर्णिमा की पूर्व संध्या से ही पूर्णिमा की शाम तक इस मार्ग से निकलने वाले भारी भरकम वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जाने चाहिये। मगर प्रशासन द्वारा इस मांग को नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है तो दूसरी ओर रात के समय पैदल नर्मदा जाने वाले लोगों की जिन्दगी को खतरा बनने से भी नही चूकता है।

# पूर्ण आहूति के साथ हुआ सात दिवसीय माँ नर्मदा पुराण का समापन, आज कन्याभोज का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**



समीपस्थ ग्राम कान्हरगांव साईधाम मंदिर समिति द्वारा सात दिवसीय संगीतमय नर्मदा पुराण का आयोजन किया गया। इस आयोजन के चलते जहां सात दिनों तक संपूर्ण ग्रामवासी जहां मॉं नर्मदाजी की भक्ति में लीन होकर गोते लगाते हुये नजर आये। वही दूसरी ओर कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर पूर्ण आहूति के साथ नर्मदा पुराण का समापन हुआ। इस दौरान आयोजन समिति द्वारा इस कार्य में सहयोग प्रदान करने वालों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया गया। वही कथा चावक पं. वीरेन्द्र शास्त्री द्वारा नर्मदा पुराण के सातवे दिवस मुख्य रूप से नर्मदाजी मनाये जाने से भक्तों को अवगत कराते हुये नर्मदाजी के जन्म देने पर प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होने अंतिम दिवस की कथा सुनाते हुये बताया कि माँ नर्मदा जयंती मां नर्मदा के जन्मदिवस यानी माघ माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी को मनायी जाती है। नर्मदा जयंती मध्य प्रदेश राज्य के नर्मदा नदी के तट पर मनायी जाती है। माघ मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को शास्त्रों में नर्मदा जयंती कहा गया है। नर्मदा अमरकंटक से प्रवाहित होकर रत्नासागर में समाहित हुई है और अनेक जीवों का उद्धार भी किया है। माँ नर्मदाजी की जयंती भारत में हिन्दुओं द्वारा मनाया जाने वाला प्रमुख त्यौहार के रूप में शामिल हो चुका है। यह अमरकंटक में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है क्योंकि यह मां नर्मदा का जन्म स्थान है। इसके अलावा यह पूरे मध्य प्रदेश में बड़े ही बडे ही धूमधाम से मनाया जाता है। हिन्दू कैलेंडर के हिसाब से माघ माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी को मां नर्मदा का जन्म हुआ था, इसलिए नर्मदा जयंती हर साल इस दिन मनायी जाती है। भारत में सात धार्मिक नदियां हैं और उन्हीं में से एक है मां नर्मदाजी है। कहा जाता है कि भगवान शिव ने देवताओं को उनके पाप धोने के लिए मां नर्मदा को उत्पन्न किया था और इसलिए इसके पवित्र जल में स्नान करने से सारे पाप धुल जाते हैं। अलौकिक और पुण्यदायिनी मां नर्मदा का एक अलग ही महत्व है। वैसे तो संसार में 999 नदियां हैं, पर नर्मदाजी के सिवा किसी भी नदी की प्रदक्षिणा करने का प्रमाण नहीं देखा। युगों से सभी शक्ति की उपासना करते आए हैं। चाहे वह दैविक, दैहिक तथा भौतिक ही क्यों न हो, इसका सम्मान और पूजन करते हैं। एक समय सभी देवताओं के साथ में ब्रह्मा-विष्णु मिलकर भगवान शिव के पास आए जो कि (अमरकंटक) मेकल पर्वत पर समाधिस्थ थे। वे अंधकासुर राक्षस का वध कर शांत-सहज समाधि में बैठे थे। अनेक प्रकार से स्तुति-प्रार्थना करने पर शिवजी ने आंखें खोलीं और उपस्थित देवताओं का सम्मान किया। देवताओं ने निवेदन किया, 'हे भगवन हम देवता भोगों में रत रहने से, बहुत-से राक्षसों का वध करने के कारण हमने अनेक पाप किए हैं, उनका निवारण कैसे होगा। आप ही कुछ उपाय बताइए। तब भगवान शिवजी की भृकुटि से एक तेजोमय बिन्दु पृथ्वी पर गिरा और कुछ ही देर बाद एक कन्या के रूप में परिवर्तित हुआ। उस कन्या का नाम नर्मदा रखा गया और उसे अनेक वरदानों से सज्जित किया गया। इसके बाद माघ शुक्ल सप्तमी को मकर राशि सूर्य मध्याह्न काल के समय नर्मदाजी को जल रूप में बहने का आदेश दिया। तब नर्मदाजी प्रार्थना करते हुए बोली, हे भगवान संसार के पापों को मैं कैसे दूर कर सकूंगी..? तब भगवान विष्णु ने आशीर्वाद रूप में वक्तव्य दिया कि हे नर्मदे त्वें माहभागा सर्व पाप हरि भव। त्वदत्सु याः शिलाः सर्वा शिव कल्पा भवन्तु ताः।' अर्थात तुम सभी पापों का हरण करने वाली होगी तथा तुम्हारे जल के पत्थर शिव-तुल्य पूजे जाएंगे। तब नर्मदा ने शिवजी से वर मांगा। जैसे उत्तर में गंगा स्वर्ग से आकर प्रसिद्ध हुई है, उसी प्रकार से दक्षिण गंगा के नाम से प्रसिद्ध होऊं। शिवजी ने नर्मदाजी को अजर-अमर वरदान और अस्थि-पंजर राखिया शिव रूप में परिवर्तित होने का आशीर्वाद दिया। इसका प्रमाण मार्कण्डेय ऋषि ने दिया जो कि अजर-अमर हैं। उन्होंने कई कल्प देखे हैं। इसका प्रमाण मार्कण्डेय पुराण में है। इसी के चलते माँ नर्मदाजी का तट सुर्भीक्ष माना गया है। पूर्व में भी जब सूखा पड़ा था तब अनेक ऋषियों ने आकर प्रार्थनाएं कीं कि भगवन ऐसी अवस्था में हमें क्या करना चाहिए और कहां जाना चाहिए? आप त्रिकालज्ञ हैं तथा दीर्घायु भी हैं। तब मार्कण्डेय ऋषि ने कहा कि कुरुक्षेत्र तथा उत्तर प्रदेश को त्याग कर दक्षिण गंगा तट पर निवास करें। नर्मदा किनारे अपनी तथा सभी के प्राणों की रक्षा करें।



# झिकोली घाट पर मनचलों की हरकतों का शिकार होते रही महिलाएं

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** क्षेत्रवासियों के लिये आस्ता का केन्द्र रहने वाली माँ नर्मदा जी के भक्त जिस प्रकार से हर माह पड़ने वाली पूर्णिमा के मौके पर क्षेत्र के नर्मदा तटों पर स्नान व पूजन करने के लिये पहुंचते। इसी प्रकार से हर माह के पूर्णिमा के अवसर पर समीस्थ झिकोली नर्मदा तट पर भी भक्तों की भीड़ उमड़ने से नही चूकती है। जिसके चलते अनेक भक्त झिकोली नर्मदा पर बने हुये पुल के नीचे स्नान करते हुये पूजन करते हुये देखे जाते है। मगर यहां पर जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते देखा जाता है कि नर्मदा स्नान करने वाली महिलाओं को पुल पर खड़े होकर मटर गस्ती करने वालों की हरकतों का शिकार होने के लिये मजबूर होना पड़ता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये कार्तिक पूर्णिमा के अवसर भी देखने मिला जहां नर्मदा तट पर उमडी भीड के चलते नर्मदा भक्त यहां के पुल के नीचे ही स्नान करने के साथ साथ पूजन हवन करने में लगे हुये थे। उसी दौरान अनेक मनचले युवा पुल के ठीक ऊपर खड़े होकर जिस प्रकार से अशोभनीय हरकते करते हुये देखे गये उसके चलते आमजनों में आक्रोश की स्थिति निर्मित होने से नही चूक पा रहा थी? बताया जाता है कि इन मनचलों की हरकतों का शिकार सबसे अधिक उन महिलाओं को होना पड़ता है जो नर्मदा स्नान करने के उपरांत यहां पर बने हुये कपड़ा बदलने के घरों के अंदर पहुंचकर अपने कपड़ा बदल रही होती है। क्योंकि यहां पर स्थापित कपड़ा बदलने के लिये बनाये गये स्थान ऊपर भाग से खुले रहते है जिसके चलते पुल के ऊपर खड़े होने वालों द्वारा जब नीचे की ओर देखा जाता है तो कपड़ा बदल रही महिलाओ को अपने कपड़े बदलने में परेशान होना पड़ता है। मगर इस प्रकार से मनचलों की हरकतों पर पुलिस प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण यह लोग कई घंटो तक पुल के ऊपर खड़े रहते हुये इस प्रकार की अशोभनीय हरकते करते हुये महिलाओं को परेशान करने से नही चूकते है?

# शासकीय चिकित्सालय की बाउंड्री के पास शराबियों की जमघट से हो रही परेशानी?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** आये दिन स्थानीय पुलिस थाने में आयोजित होने वाली बैठकों में पुलिस अधिकारियों द्वारा नगर में शांति व्यवस्था बनाने के लिए बड़ी बड़ी बाते तो की जाती है? मगर यदि उन्हें सच्चाई में देखा जावे तो सिर्फ वह बाते उसी बैठक तक ही सीमित होती हुई नजर आती है...? इस बात की सच्चाई वर्तमान में नगर में दिखाई दे रही है। लोगों का कहना है कि स्थानीय खेल ग्राउंड व स्थानीय शासकीय चिकित्सालय के पास बनी नई बाउन्ड्री बाल के पास प्रतिदिन शाम होते ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है,जिसके कारण इन स्थानों से निकलने वाले लोगों को जहा परिशानियों का सामना करना पड़ता है, वही यदि इस मार्ग से कोई भूलबस महिलाओं का निकलना होता है तो इन शराबियों की छीटाकशी के चलते उसे अपमानित तक होना पड़ता है? वही शासकीय चिकित्सालय की बाउन्ड्री के पास लग रहे शराबियों के जामवड़ा से तो वहा निवास करने वाले लोगों को परेशानी उठाना ही पड़ रही है, तथा दूसरी ओर पास में बने बंजारी माता पर दर्शन करने जाने वाली माँ बहिनों को भी इनको मनचनों की छीटाकशी का शिकार होकर अपमान का कड़वा घूट पीना पड रहा है? जब भी बैठक का आयोजन होता है तो पुलिस अधिकारियों द्वारा शराबियों की मनमानी से निजात दिलाने के दाबे किये जाते है, मगर पुलिस बैठक के बाद उदासीन होकर मात्र तामशा देखते हुए नजर आती है? वर्तमान में इन शराबियों की हुड दग्ग लीला से शासकीय चिकित्सालय के पास निवास करने वाले लोगो परेशान हो रहे है मगर पुलिस को सूचना करने के बाद भी कोई कार्यवाही नही होने के कारण शराबियों की हौसले अपने सातवे आसमान पर दिखाई दे रहे है। अतः नगरवासियों द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक से इस ओर ध्यान देने की अपेक्षा जताई जा रही है।

# सड़कों के किनारे लगातार बढ़ रही अतिक्रमण के चलते बन रही दुर्घटनाओं की संभावनाएं

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय नगर में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण की सच्चाई इस प्रकार से देखी जा रही है कि नगर में खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर जिसे जहां मर्जी हो रही है वहां पर अपना कब्जा जमाने से नही चूक रहा है, इस प्रकार से नगर की मुख्य माने जाने वाली सड़कों के किनारे लोगों द्वारा अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये किये जाने वाला अतिक्रमण आम लोगों की जिन्दगी के लिये पूर्ण रूप से खतरा साबित होने से नही चूक रहा है। मगर इस सच्चाई को जिस प्रकार से प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है वह चिंता जनक सच्चाई उजागर करने से नही चूक पा रहा है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के प्रमुख माने जाने वाले वायपास मार्ग पर रिलाइंस पेट्रोल पंप के पास देखा जा रहा है। जहां पर बताया जाता है कि किसी पंचर सुधारने वाले व्यक्ति द्वारा किया गया अतिक्रमण निश्चित ही किसी दिन कोई बड़ी घटना को अंजाम देने से नही चूक पायेगा? क्योंकि जिस जगह यह अतिक्रमण करते हुये दुकान बनाई गई है, वही जगह वाहनों की आवाजाही के लिये प्रमुख स्थल इसलिये मानी जाती है कि जो वाहन कौड़ियां की ओर से आता है वह घाट होने के कारण तेज गति से दौड़ते हुये आने से नही चूकता है। वही दूसरी ओर पेट्रोल पंप से जब कोई वाहन डीजल या पेट्रोल लेकर जब कौड़िया की ओर जाता है तो इस अतिक्रमण के चलते सामने से आने वाला वाहन उस समय तक दिखाई नही पड़ता है जब तक वह मुख्य मार्ग पर नही पहुंच जाता है और मुख्य मार्ग पर पहुंचते ही जब दूसरी ओर से तेज गति से आने वाले वाहन आमने सामने होते है तो वाहन को रोक पाना मुश्किल होने से नही चूकता है? वही दूसरी ओर जब इस दुकान पर कोई व्यक्ति पंचर जुडवाने या फिर हवा भरवाने के लिये रूकता है तो उसे भी मुख्य सड़क पर ही अपना वाहन खड़ा करना पड़ता है, इस स्थिति के चलते निश्चित ही यहां पर हुआ अतिक्रमण किसी दिन कोई बड़ी घटना का कारण बनने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? मगर इस सच्चाई को प्रशासन द्वारा जिस प्रकार से नजर अंदाज किया जा रहा है उसके चलते यह जान पड़ने से नही चूक पा रहा है।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विमला बाई, विद्या बाई, पुष्पा बाई, आशा बाई, सुमित्रा पिस. मिट्ठूलाल अवस्थी के मालिकाना हक की मौजा महाराणा प्रताप वार्ड गाडरवारा प. ह. नं. 99 / 18 / 1, नं. वं. 119, रा.नि.मं. गाडरवारा, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर म. प्र. स्थित भूमि खसरा नंबर 457/1/1/1 रकवा 0.1002 हे, भूमि क्रय करने का सौदा तय कर लिया है, जिसके पंजीकृत विक्रयपत्र का निष्पादन होना शेष है।

अत: इस संबंध में यदि किसी वित्तीय संस्थान, आम जनता, शासकीय, अशासकीय, निकाय, कंपनी, बैंक आदि को कोई आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में दस्तावेजो सहित उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करायें। विहित (निर्धारित) समयावधि उपरांत प्रस्तुत दावा, आपत्ति मान्य नही होगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा पंजीकृत विक्रयपत्र का निष्पादन करा लिया जायेगा।

स्थान- गाडरवारा
दिनांक- 05/11/2025
**रीतेश कुमार अग्रवाल (एडवोकेट)**
सिविल कोर्ट गाडरवारा
मो. नं. - 9826104024












**खबर संक्षेप**

## जनजातीय गौरव दिवस पर 15 नवंबर तक होंगे भव्य आयोजन

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष के अवसर पर जिले में 1 से 15 नवंबर 2025 तक जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित कैलेंडर के अनुसार प्रत्येक दिन कार्यक्रम सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक एवं सभी जनपद पंचायत सीईओ को कहा कि आयोजनों में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि कार्यक्रमों में भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन, संघर्ष और आदिवासी समाज के योगदान पर विशेष प्रकाश डाला जाए ताकि नई पीढ़ी उनके आदर्शों से प्रेरणा ले सके।

## 10 फरवरी को फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही. एस. चंदेल ने बताया कि भारत सरकार व्दारा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 फरवरी से आयोजित किया जाना है। व्ही बी डी सी पी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल द्वारा गौरव मिश्रा जिला समन्वयक पीसीटी को जिले मे फाइलेरिया से संबंधी जागरूकता एवं विभागीय समन्वय को तेजी प्रदान करने हेतु पदस्थ किया है।

## 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत

**उमरिया।** न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को किया गया है।लोक अदालत में न्यायिक प्रकरण आपराधिक, सिविल,श्रम, मोटरयान दुर्घटना क्षति दावा प्रकरण, कुटुम्ब,न्यायालय के लंबित, प्रिलिटिगेशन के समझौता योग्य प्रिलिटिगेशन के रूप में सभी बैंको के प्रकरण , नगर पालिका समकेतिक कर एवं जलकर एवं विद्युत प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमरिया ने अधिवक्ताओ एवं आम जन मानस से अपील की है कि आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## कृषक पुरस्कार से सम्मानित होंगे जिले के किसान

**उमरिया।** परियोजना संचालक आत्मा ने बताया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सबटेंशन आत्मा योजनान्तर्गत जिले के सर्वोच्च उत्पादकता हासिल करने वाले कृषकों को जिला स्तर पर व कृषक ब्लाक स्तर पर सर्वोत्तम कृषकों को सम्मानित किया जाना प्रस्तावित है। सम्मान 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर किसानों को दिया जाना है। उन्होने बताया कि जिले के तीनों विकासखण्डों से एक-एक किसान को सर्वोच्च उत्पादकता पुरस्कार दिया जाएगा जिले के समस्त उत्साही व प्रगतिशील कृषकों (जिसमें कृषि, मत्स्य,उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि अभियांत्रिकी) से अपेक्षा है, कि वे अपने क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत कृषि विस्तासर अधिकारी या सीधे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर आवेदन प्राप्त कर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकतें है। किसान अपने आवेदन संबंधित विकासखण्ड कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड करकेली/ मानपुर/पाली में 15 नवम्बर 2025 तक जमा कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्ज आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। किसान भाई अधिक जानकारी हेतु कार्यालय परियोजना संचालक आत्मा समिति जिला उमरिया के कार्यालयीन समय में एवं दूरभाष क्रमांक 07653-222421 पर संपर्क कर सकते है।

## मप्र स्थापना दिवस पर भालूमाड़ा में हुआ सांस्कृतिक उत्सव

**हरिभूमि न्यूजजमुना/बदरा।** पसान पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल भालूमाड़ा में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस हर्ष एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पसान मंडल के अध्यक्ष अजय द्विवेदी द्वारा विद्यालय परिसर में स्थित भारत माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने मध्यप्रदेश गान प्रस्तुत कर प्रदेश की गौरवमयी सांस्कृतिक परंपरा को नमन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया।

### हादसों से नहीं ले रहे सबक, पुलिस बनी मूकदर्शक

# चंद रुपयों की लालच में टैक्सी चालक यात्रियों की जान से कर रहे खिलवाड़






**डिंडोरी।**

जिला मुख्यालय से लगभग 13 किलोमीटर दूर शाहपुर कस्बे से संचालित तूफान टैक्सी वाहनों में यात्रियों की सुरक्षा को दरकिनार कर बेखौफ चालक रोजाना मौत से खेल रहे हैं। चंद रुपयों की लालच में ओवरलोड टैक्सी वाहन सड़कों पर ऐसे दौड़ रहे हैं मानो यात्रियों को सीधे यमराज से मिलाने निकले हों। इससे न केवल यात्रियों की जान जोखिम में है, बल्कि शाहपुर थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।सूत्रों के अनुसार, शाहपुर पुलिस का पूरा ध्यान केवल औपचारिक वाहन चेकिंग तक सीमित दिखाई देता है। कभी दोबट्टा, कभी गणेशपुर तो कभी मुख्य मार्ग पंडा टोला पर पुलिस टीम पूरे लाव-लश्कर के साथ दोपहिया और चारपहिया वाहनों की चेकिंग में मशगूल रहती है। लेकिन कस्बे के मुख्य बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्रों में फैले अव्यवस्थित यातायात और ओवरलोड टैक्सी वाहनों पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होती।शाहपुर से पलकी, मुड़िया कला, मुड़िया खुर्द और चौरा जैसे ग्रामीण क्षेत्रों के लिए चलने वाले ये तूफान टैक्सी वाहन क्षमता से कहीं अधिक यात्रियों को लादकर सड़कों पर तेज रफ्तार में दौड़ते हैं। कई वाहन तो ऊपर तक यात्रियों से भरे नजर आते हैं, लेकिन पुलिस की नजर इन पर शायद ही कभी पड़ती हो।

वहीं दूसरी ओर, आम दोपहिया वाहन चालकों को पुलिस रोजाना चेकिंग के नाम पर घंटों रोककर परेशान करती है। हेलमेट हो तो कागज दिखाने की जिद, कागज न हो तो चालान — यही रूटीन बन गया है। जबकि ओवरलोड टैक्सी चालकों पर किसी प्रकार की कार्रवाई न होना पुलिस की निष्क्रियता को उजागर करता है।स्थानीय सूत्रों की मानें तो क्षेत्र में संचालित कई टैक्सी वाहनों के पास फिटनेस प्रमाणपत्र और बीमा तक नहीं है। कई वाहनों को नाबालिग चालक बिना लाइसेंस के चला रहे हैं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।जनता की मांग है कि पुलिस प्रशासन इस दिशा में सख्त कदम उठाए, ताकि नियम तोड़ने वाले बेखौफ चालकों पर लगाम लगे और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



# जिला पंचायत सभाकक्ष में अनुश्रवण समिति की बैठक

**डिंडौरी।** 5 नवंबर 2025 को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत एवं अनुश्रवण समिति (District Steering-Cum-Monitoring Committee) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने की।बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी, नगर पालिका अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में एमडीएम प्रभारी रामजीवन वर्मा ने जानकारी दी कि सितंबर एवं अक्टूबर माह की मध्यान्ह भोजन सामग्री 100 प्रतिशत जारी की जा चुकी है, वहीं नवंबर एवं दिसंबर माह की खाद्यान्न सामग्री का ईआरओ जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि करंजिया एवं अमरपुर विकासखंडों में निरीक्षण कार्य कम होने के कारण संबंधित बीआरसी को इस माह 80 प्रतिशत तक निरीक्षण बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने सभी बीईओ एवं बीआरसी को सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का 100 प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि एमडीएम खाद्यान्न सामग्री खराब पाई जाती है तो उसे तत्काल वापस किया जाए, तथा बच्चों को मध्यान्ह भोजन नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाए और समय-समय पर उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी अनिवार्य रूप से कराया जाए।

# शहपुरा में सड़क हादसे ने छीन ली चार जिंदगियाँ, मड़ई मेले की खुशियाँ मातम में बदलीं



**शहपुरा** - मड़ई मेले में शामिल होने जा रहे एक परिवार की खुशियाँ सड़क हादसे की भेंट चढ़ गईं। बुधवार, 5 नवम्बर 2025 को थाना शहपुरा क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर मार्ग पर ग्राम कोहानी देवरी से आगे बमबम नाला के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। मोटरसाइकिल और ट्रेलर वाहन के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जिनमें दो महिलाएँ, एक पुरुष और एक मासूम बालिका शामिल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर करीब साढ़े तीन बजे एक मोटरसाइकिल जबलपुर की ओर जा रही थी, तभी सामने से आ रहे ट्रेलर वाहन क्रमांक **MP** 04 **GB** 2944 से आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे का दृश्य इतना भयावह था कि मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और सवार चारों लोग सड़क पर बिखर गए। टक्कर के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा पहुँचाया गया। लेकिन चिकित्सकों ने जाँच उपरांत सभी को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही शहपुरा थाना प्रभारी अपने दल बल सहित मौके पर पहुँचे और शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की।

### मृतकों की पहचान इस प्रकार हुई

नान सिंह पिता बलदेव सिंह परस्ते, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम धनौली, चौकी बिछिया, थाना शहपुरा,सरोज पति नान सिंह परस्ते, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम धनौली, चौकी बिछिया, थाना शहपुरा,चंपा बाई पिता जेठू सिंह वरकड़े, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम शहदरा थाना कुंडम जिला जबलपुर, प्रिया परस्ते पिता अनूप परस्ते, उम्र लगभग 12 वर्ष।परिजनों के अनुसार, मृतक परिवार ग्राम धनौली से शहपुरा मड़ई मेले में शामिल होने जा रहा था। लेकिन रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में कोहराम मच गया। गाँव में मातम पसरा हुआ है।

### ट्रेलर चालक फरार, वाहन जब्त

हादसे के बाद ट्रेलर वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कराया है और चालक की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में संभावना जताई जा रही है कि ट्रेलर की तेज रफ्तार और गलत दिशा में ओवरटेक करने से यह भीषण हादसा हुआ।

थाना शहपुरा पुलिस ने घटना के संबंध में मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। शवों को पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया है। इस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि दुर्घटनाग्रस्त स्थान पर संकेतक बोर्ड एवं स्पीड ब्रेकर लगाए जाएँ, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे टाले जा सकें।

# डिंडोरी में बीएमओ बजाग को हटाया गया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समनापुर का प्रभार

**डिंडौरी**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डॉ. विपिन सिंह राजपूत, प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजाग द्वारा प्रसारित वीडियो के संज्ञान में आने पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडे ने डॉ. विपिन सिंह राजपूत को तत्काल प्रभाव से बीएमओ बजाग के पद से हटाते हुए उनका प्रभार डॉ. चन्द्रशेखर धुर्वे, समनापुर को सौंपा है।इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि डॉ. चन्द्रशेखर धुर्वे अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समनापुर के साथ-साथ बजाग का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे।

# मनरेगा की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**डिंडौरी।** जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की संयुक्त अध्यक्षता में मनरेगा की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में जनपद पंचायतों के सीईओ, सहायक यंत्री मनरेगा, एपीओ, बीएम एरलम सहित उपयंत्री उपस्थित रहे। कलेक्टर ने मनरेगा अंतर्गत श्रम नियोजन को बढ़ाने और अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने "एक बगिया माँ के नाम" उपयोजना की प्रगति की भी समीक्षा करते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक कार्य में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित लक्ष्यों की समय पर पूर्ति सुनिश्चित करें।

# कलेक्टर ने दो उद्यान विकास अधिकारियों को किया निलंबित

### कार्य में लापरवाही और समीक्षा बैठक में अनुपस्थिति पर हुई कार्रवाई

**डिंडौरी**




कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने उद्यान विभाग में गंभीर लापरवाही बरतने पर दो वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारियों को निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, विकासखण्ड करंजिया के प्रभारी वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी श्री हरसप्रसाद अहिरवार एवं विकासखण्ड बजाग के प्रभारी वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी श्री कुलदीप सिंह मरावी को वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों की प्रगति समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने तथा कार्यों में अपेक्षित प्रगति न दिखाने पर निलंबित किया गया है।दिनांक 18 अक्टूबर एवं 31 अक्टूबर 2025 को आयोजित बैठकों में दोनों अधिकारी उपस्थित नहीं रहे और उनके क्षेत्र में योजनाओं की प्रगति भी अत्यंत धीमी पाई गई। कलेक्टर ने इसको अनुशासनहीनता एवं कार्य के प्रति लापरवाही मानते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत यह कार्रवाई की है।निलंबन अवधि में अहिरवार एवं मरावी का मुख्यालय सहायक संचालक उद्यान कार्यालय डिंडौरी निर्धारित किया गया है तथा उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता प्रदान की गई है।कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शासन के कार्यों में लापरवाही या आदेशों की अवहेलना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रमोद कुमार ओझा के कार्यशैली को लेकर जनप्रतिनिधियों में गहरा असंतोष**

# जनपद डिंडौरी में प्रभारी सीईओ की कार्यशैली पर सवाल, जनप्रतिनिधियों ने की हटाने की मांग



**डिंडौरी ।** जनपद पंचायत डिंडौरी में पदस्थ प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रमोद कुमार ओझा के कार्यशैली को लेकर जनप्रतिनिधियों में गहरा असंतोष उभरकर सामने आया है। जनपद पंचायत के कई सदस्यों ने सामूहिक रूप से कलेक्टर डिंडौरी को आवेदन सौंपकर मांग की है कि श्री ओझा को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए, क्योंकि उनके असहयोगपूर्ण रवैये से पंचायत के विकास कार्य ठप पड़ गए हैं।जनपद सदस्यों का कहना है कि पिछले तीन महीनों से जनपद की सामान्य सभा की कोई बैठक आयोजित नहीं की गई है। न तो सदस्यों को औपचारिक रूप से बुलाया जाता है और न ही सीईओ स्वयं बैठकों में उपस्थित रहते हैं। विकास कार्यों से जुड़ी फाइलें महीनों से अटकी पड़ी हैं, जिन पर कोई निर्णय नहीं लिया जा रहा। इससे पंचायत की योजनाएं प्रभावित हो रही हैं और ग्रामीण जनता को सीधा नुकसान उठाना पड़ रहा है।जनपद सदस्य अनिता धुमकेती, रजनी मंदे, ममता देवी, अवंती, सहित अन्य सदस्यों ने संयुक्त रूप से बताया कि सीईओ श्री ओझा जनप्रतिनिधियों से अभद्र व्यवहार करते हैं, उनके सुझावों की अनदेखी करते हैं और आवश्यक कार्यों को टालमटोल करते हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत में जनप्रतिनिधियों की भूमिका का सम्मान नहीं किया जा रहा है, जबकि पंचायत व्यवस्था लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित है। सदस्यों ने यह भी बताया कि सीईओ के गैर जिम्मेदाराना रवैये से ग्रामीण विकास योजनाओं पर असर पड़ा है। कई पंचायतों में मनरेगा, नल-जल योजना, सड़क निर्माण और स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं के कार्य अधर में लटके हुए हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई नहीं करता तो वे सामूहिक रूप से जिला कार्यालय में प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। जनप्रतिनिधियों की इस सामूहिक कार्रवाई से जनपद कार्यालय परिसर में पूरे दिन चर्चा का माहौल बना रहा। अधिकारी और कर्मचारी वर्ग भी इस मुद्दे पर आपस में चर्चा करते दिखाई दिए। जनपद सदस्यों ने अंत में कहा कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष को निशाना बनाना नहीं है, बल्कि पंचायत की गरिमा और कार्यप्रणाली को सुचारू रखना है। उन्होंने पुनः जिला कलेक्टर से निवेदन किया कि प्रभारी सीईओ प्रमोद कुमार ओझा को तत्काल हटाकर किसी जिम्मेदार और संवेदनशील अधिकारी की नियुक्ति की जाए, ताकि विकास कार्यों में गति लाई जा सके।

### आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई

# खड़ी बस में लगी आग से मचा हड़कंप, मालिक ने प्रतिद्वंद्वी पर साजिश का जताया शक





**डिंडौरी।**

जिला मुख्यालय के सूबखार इलाके में मंगलवार देर रात एक खड़ी बस में अचानक आग लग जाने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 2 सूबखार की बताई जा रही है।मिली जानकारी के अनुसार, बस क्रमांक **MP** 18 **P** 5786, यासीनी ट्रैवल्स के नाम से पंजीकृत थी। बस मालिक मोहम्मद अख्तर ने बताया कि बस उनके घर के बाहर खड़ी थी, तभी अचानक उसमें आग लग गई। आस-पास के लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, साथ ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड के दल ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी।सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में आग लगने के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है।

वहीं बस मालिक मोहम्मद अख्तर ने आरोप लगाया है कि उनका एक अन्य बस मालिक के साथ पुराना कोर्ट केस चल रहा था, जिसमें हाल ही में वे विजयी हुए हैं और अपनी बस को डिंडौरी–मंडला मार्ग पर संचालित कर रहे थे। उनका कहना है कि प्रतिद्वंद्वी बस मालिक ने पहले ही धमकी दी थी कि वे बस नहीं चलने देंगे।अख्तर ने कहा कि यह कोई सामान्य हादसा नहीं, बल्कि सुनियोजित साजिश हो सकती है। पुलिस को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए।वहीं नगर में देर रात हुई इस घटना से पुलिस गश्त व्यवस्था पर भी सवाल उठे हैं। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस से मांग की है कि आगजनी की इस घटना की गहराई से जांच कर वास्तविक कारणों का खुलासा किया जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# ऑपरेशन मुस्कान : बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने की पुलिस की पहल



**डिंडौरी।** जिले में ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों और किशोरियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, उनके अधिकारों की जानकारी देना तथा बाल श्रम, बाल विवाह और मानव तस्करी जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति समाज को जागरूक करना है।थाना शहपुरा के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय शहपुरा में पुलिस अधिकारियों ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं को ऑपरेशन मुस्कान की रूपरेखा और उद्देश्यों से अवगत कराया। उन्हें बताया गया कि यह अभियान लापता बच्चों की खोज, बाल सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और अपराधों की रोकथाम के लिए संचालित किया जा रहा है। साथ ही विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराध से बचाव तथा आत्मरक्षा के उपायों के बारे में भी जानकारी दी गई।

थाना बजाग क्षेत्र के बालिका छात्रावास में अधीक्षिका की उपस्थिति में छात्राओं को उनके अधिकारों, आत्मरक्षा, बालिकाओं के लिए संचालित सरकारी योजनाओं एवं पुलिस सहायता हेल्पलाइन नंबरों (1098, 112, 181 आदि) के बारे में बताया गया।इसी तरह थाना मेहंदवानी में भी जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें आमजन को बाल सुरक्षा और महिला सम्मान से जुड़े कानूनों की जानकारी दी गई। वहीं, थाना करंजिया के मॉडल स्कूल छात्रावास में आयोजित विशेष सत्र में छात्राओं को आत्मविश्वास, शिक्षा और सशक्तिकरण के महत्व पर प्रेरित किया गया।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ऑपरेशन मुस्कान का मुख्य उद्देश्य हर बच्चे के चेहरे पर मुस्कान लाना है। कोई भी बच्चा गुम न हो, भयमुक्त वातावरण में शिक्षा प्राप्त करे और जीवन में आगे बढ़े — यही इस अभियान की मंशा है। अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि यदि उनके आस-पास किसी भी बालक या बालिका के साथ शोषण, गुमशुदगी या किसी अपराध की घटना की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## खबर संक्षेप

### 11 वर्षीय युवा मोहित नर्मदा में डूबा

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा गाडरवारा सड़क मार्ग के बीच नर्मदा नदी ककरा घाट में गाडरवारा शिवाजी वार्ड निवासी मोहित पिता संतोष सोनी 11 वर्ष डूबा। घटना के संबंध में जानकारी मिली है कि तीन साथी अलग नहा रहे थे अचानक गहरे पानी में चले जाने के चले जाने के चलते दो लड़कों को बचा लिया गया लेकिन एक अभी भी लापता हैं। समाचार लिखे जाने तक गोता खोरो को बुलाकर तलाश कराई जा रही थी।

### सप्त दिवसीय अखण्ड हरिनाम संकीर्तन महोत्सव सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नगर संकीर्तन समाज द्वारा स्थानीय सदर मढिया प्रांगढ मे स्थित तुलसी मानस भवन में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी सात दिवसीय अखण्ड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। आयोजन का यह 40 वाँ वर्ष है। पं. मदन मोहन दीक्षित तथा पं. नीलमणि दिक्षित के नेतृत्व में दमोह से आये हुए सदस्यों की तथा नरसिंहपुर संकीर्तन के संगीतकारों की सहभागिता में अखण्ड संकीर्तन अनवरत किया जा रहा है। दोपहर 2:30 बजे से 5 बजे तक एवं शाम को सात बजे से राम कथा का आयोजन किया जा रहा है तथा 7 को राधा कृष्ण के भव्य रास किया जायगा।

### जब्ती के पैसों का एफआईआर में नही हुआ उल्लेख, वायरल वीडियो का हो गंभीरता से अवलोकन

# पुलिस की कार्रवाई पर बढ़ रहा संदेह















**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सरकार द्वारा नागरिकों को अच्छी सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने के लिए पुलिस व्यवस्था बनाई गई है लेकिन कुछ मामलों पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी संदेह उत्पन्न होने लगता है। ऐसा ही मामला बीते 2-3 अक्टूबर की की रात मे सामने आया जिसमे पुलिस ने झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर रुपये ऐंठने वालों पर प्रकरण दर्ज कर लिया तथा आरोपी का वीडियो भी सोशल मीडिया मे खूब वायरल हुआ और पुलिस की कार्यप्रणाली पर लोगों को गर्व हुआ तथा लोगों को अच्छी पुलिस व्यवस्था जिले मे मिलने का नई उम्मीद जागी। उक्त मामले मे पुलिस ने पूरी सक्रियता से कार्य किया जो तारीफ के काबिल था परन्तु एक माह बीतने के बाद मामले को लेकर नई चर्चा प्रारंभ हो गई।**

**ये था पुलिस का प्रेस नोट**

पुलिस द्वारा जारी किए गए प्रेस नोट में बताया गया कि जिले में झूठे आपराधिक प्रकरण में फँसाने की धमकी देकर अवैध रूप से रुपये ऐंठने की एक गंभीर घटना सामने आई है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। एक व्यक्ति ने पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उसे झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी देकर 2,00,000 की मांग की गई। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। फरियादी ने शिकायत दर्ज कराई कि उसे छुट्टू महाराज द्वारा अपने ऑफिस में बुलाया गया। कुछ समय पश्चात एक महिला भी वहाँ पहुँची, जिसने फरियादी से कहा कि उसने उसके खिलाफ थाने में गलत काम (अनुचित व्यवहार) की शिकायत दर्ज कराई है। इसी दौरान संदीप राजपूत नामक व्यक्ति भी मौके पर पहुँच गया और फरियादी को जेल भेजे जाने की धमकी देने लगा। इसके पश्चात छुट्टू महाराज, संदीप राजपूत, और एक अन्य महिला ने मिलकर फरियादी से कहा कि यदि वह 2,00,000 रुपये दे देता है, तो वे थाने में की गई शिकायत को वापस ले लेंगे और मामला समाप्त कर देंगे। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना विशेष टीम का गठन किया गया एवं घटना की तस्दीक कराने के उपरान्त प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर तीनों के विरूद्ध धारा 308 (2) एवं 3 (5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीवद्ध किया गया है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी के साथ इस प्रकार की धोखाधड़ी या ब्लैकमेलिंग की जाती है एवं शासकीय कार्यालयों से प्रकरण समाप्त कराने हेतु कहा जाता है तो वे बिना डरे तत्काल थाने में शिकायत करें। ऐसे मामलों में कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

**एफआईआर मे नही किया रूपए जब्ती का उल्लेखः** पीड़ति की शिकायत के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे टीम गठित की गई और दो अक्टूबर को पुलिस ने पैसे लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उसके उपरांत दर्ज की गई एफआईआर मे पुलिस द्वारा पैसों की जब्ती का कोई उल्लेख नही किया गया। वही पीड़ति ने 3 अक्टूबर को पुनः शिकायत की जिसमे बताया गया कि पैसे लेते हुए गिरफ्तार किया गया आरोपी व अन्य लोगों द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। जबकि आरोपी को पुलिस ने पैसे लेते हुए पकड़ा था तो आरोपी पीड़ति के पास कैसे पहुंचा। वीडियों के अनुसार पुलिस ने पैसे लेते आरोपी को पकड़ा तो जब्ती का प्रेस नोट पुलिस द्वारा जारी क्यों नही किया गया। वही सूत्रों की माने तो पुलिस दो दिन बाद पैसों की जब्ती बनाई तो फिर पुलिस उक्त मामले मे क्या सिद्ध करना चाह रही थी या सिवनी जिले मे हुए मामले जैसे पैसे गोलमाल करना चाह रही थी।

**एक माह में नही हो सकी मामले की जांच**

पुलिस द्वारा उक्त मामले को जांच में लिया गया है और पुलिस की जांच जारी है एक माह बीतने के बाद भी पुलिस की जांच पूरी ना हो पाना भी लोगों को कई संदेहो को जन्म दे रही है। वही 6 अक्टूबर को पीड़ति राकेश जैन द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम दी गई शिकायत मे बताया है कि पुलिस ने आरोपी को तीस हजार रूपए लेते हुए पकड़ा गया। आवेदन मे यह भी उल्लेख किया गया है कि महिला थाने मे पदस्थ प्रभारी अधिकारी की सांठगांठ के कारण यह गिरोह लोगों को डरा धमका कर अवैध वसूली करते है। पुलिस को चाहिए की मामले को सूक्ष्मता से जांच करे एवं संलिप्त कर्मचारियों पर भी ठोस कार्रवाई करें। वही उक्त मामले मे आई जी प्रमोद कुमार सिन्हा से चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि पूरे मामले पर पुलिस अधीक्षक द्वारा जांच कराई जा रही है एवं पूरा प्रकरण उनके द्वारा तैयार किया गया है तथा बहुत अच्छी कार्रवाई उन्होने की है। हालांकि उक्त मामले में संसय अभी बना हुआ है लोगों का कहना है कि पुलिस संलिप्त कर्मचारियों को बचाने के प्रयास मे है। अब हकीकत क्या है यह तो भगवान ही जाने।

### एकता व सद्भाव के साथ मनाई गुरु नानक जयंती



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर समन्वय परिवार द्वारा सर्वधर्मीय सद्भाव का प्रतीक एक गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एकता स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मुख्य विषय -ईश्वर का स्मरण करना, ईमानदारी से मेहनत करना और बांटकर खाना पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीमति ज्योति दुबे के गुरु स्तुति गीत से हुई। फादर एंटो ने स्वागत भाषण में सभी धर्मावलंबियों का स्वागत किया। इसके पश्चात सुधीर दुबे, कृष्णकांत चैबे, कामिनी दुबे, सीमा जैन, हेमवीर साहनी और अनीश पी.एन. द्वारा गीत प्रस्तुत किए गए। एड. तराना खान ने अपने उद्बोधन में सभी धर्मों की एकता का संदेश दिया, वहीं इंजी रुद्रेश तिवारी ने समन्वय परिवार के कार्यों की सराहना की। चावरा विद्यापीठ की छात्रा जगजीत कौर ने गुरु नानक देव जी के उपदेशों पर चलने की प्रेरणा दी। मनमोहन सिंह सलूजा (बंटी) ने गुरु जी का स्मरण करते हुए समन्वय परिवार का आभार जताया। फिनिक्स स्कूल एवं आध्यात्मिक वैज्ञानिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। इस अवसर पर गुरु सिंघ सभा के सम्माननीय सदस्य एवं सर्वधर्म के गणमान्य नागरिक एस.के. चतुर्वेदी, राजेंद्र सिंह जुनेजा, सरदार जनरल सिंह, जहरजीत सिंह खनूजा, कुलदीप सलूजा, मनदीप सिंह सलूजा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सुबोध शर्मा ने समन्वय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया।

### विधिक दक्षता संवर्धन कार्यशाला संपन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस लोक अभियोजन संचालनालय भोपाल के निर्देशन में जिला अभियोजन संचालनालय नरसिंहपुर में विधिक दक्षता संवर्धन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश शुक्ला रहे। कार्यशाला में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राकेश सानोडिया, जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया तथा जिला लोक अभियोजन अधिकारी रामकुमार पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। विभिन्न न्यायिक अधिकारियों ने एनडीपीएस एक्ट, एससी एसटी एक्ट, जुवेनाइल जस्टिस एक्ट एवं विवेचना की सामान्य त्रुटियों पर व्याख्यान दिए। कार्यक्रम का संचालन एडीपीओ अमित कुमार राय ने किया। कार्यशाला के समापन पर जेएमएफसी सुश्री अंकिता श्रीवास्तव, एएमएफसी श्रीमती ऐश्वर्या जैन एवं प्रभारी उप निदेशक रामकुमार पटेल ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यशाला में हेमंत पांडे, कपिल पांडे, किरण बाला सिंह, इंद्रमणि गुप्ता, संगीता दुबे, निशा मिश्रा, मनु श्रीवास, जय कुमार गुप्ता, पुलिस विभाग के अधिकारी तथा विनय सिंह ठाकुर, प्रदीप गौतम, प्रभांशु दीक्षित सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कार्तिक पूर्णिमा पर पुण्य सलिला मां नर्मदा में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी





### एक दिन पूर्व से ही पैदल चलकर पहुंचे स्नान करने

**तेंदूखेड़ा।** कार्तिक मास में स्नान दान का बड़ा ही महत्व हुआ करता है। जिसके चलते पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई । स्नान कर पूजन अर्चन किया। स्नान करने के आसपास जिलों विशेष तौर पर सागर और रायसेन जिले के अंतर्गत आने वाले हजारों की संख्या में श्रद्धालु एक दिन पूर्व से ही पैदल चलकर नर्मदा घाटों में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था।विशेष तौर पर भगवान ब्रह्मा की तपस्थली ब्रह्माण्ड घाट बरमान में तथा ककरा घाट बिल्थारी करोंदी थरेरी बारह सिमरिया शोकलपुर घाटों पर स्नान करने वालों की विशेष भीड़ बनीं रही । बरमान से श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पंचकोसी परिक्रमा पर निकले तथा जहां से परिक्रमा उठाई थी वहीं पर जाकर पूजन पाठ संपन्न कराया। इस तिथि पर अधिकांश श्रद्धालु जन बसों के माध्यम से नर्मदा परिक्रमा पर निकलते हैं। स्नान करने पहुंचने वाले श्रद्धालु नर्मदा घाटों पर पूजन अर्चन भगवान सत्यनारायण जी की कथा करवा कर पुण्य दान किया करते हैं। तथा घाटों पर ही भंडारे करवाते हैं।भर्ता बाटी बनाकर आनंद लुप्त उठाते हैं। विभिन्न घाटों पर जहां भीड़ का अधिक दबाव पड़ता है वहां पर यातायात व्यवस्था को लेकर भी प्रभारियों द्वारा बाहन पार्किंग और आवागमन सुचारू चले को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए थे।भारी बाहनों की आवाजाही पर भी भीड़ को देखते हुए लगभग प्रतिबंध लगा रहा। ककरा घाट बिल्थारी और शोकलपुर घाटों पर दो दिवसीय मेलों का आयोजन किया गया है। जहां झूले खेल खिलौने और दैनिक उपयोग में आने वाली सामग्री की दुकानें बड़ी संख्या में लगाई



गई हैं। समाचार पत्रों के माध्यम से पूर्व में ही घाटों की वस्तु स्थिति को उजागर किया गया था जिसे जिला प्रशासन ने काफी गंभीरता से लेते हुए स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश देकर चाक चौबंद इंतजाम करवायें थे।ककरा घाट पर हीरापुर घाट पर पहुंचने के लिए सड़क मार्ग पर मुरम डालकर आवागमन दुरुस्त करवाया गया था। जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी नहीं हुई। बरमान में गोताखोरों की टीमें भी घाट पर तैनात बनीं रहीं और स्नान करने वालों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे।

### कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, दो बालक डूबे

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बुधवार को कार्तिक मास की पूर्णिमा के पावन अवसर पर पुण्य सलिला माँ नर्मदा के तटों पर श्रद्धा और भक्ति का सागर उमड़ पड़ा। नरसिंहपुर जिले के विभिन्न घाटों पर अलसुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई। सागर, रायसेन, गाडरवारा, करेली, गोटेगांव और आसपास के क्षेत्रों से लाखों श्रद्धालु माँ नर्मदा के तटों पर पहुँचे और आस्था की डुबकी लगाई। स्नान, दान और पूजन-अर्चन के इस महापर्व पर नर्मदा तटों पर भक्तिमय वातावरण रहा। श्रद्धालुओं ने दीपदान, कथा-पूजन और दान-पुण्य कर माँ नर्मदा से सुख, समृद्धि और मंगलकामना की प्रार्थना की। मां नर्मदा के सभी घाटों पर अनवरत भीड़ बनी रही। भक्तों द्वारा जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने यातायात और पार्किंग की विशेष व्यवस्था की। भारी वाहनों की आवाजाही पर अस्थायी रोक लगाई गई, जिससे आवागमन सुचारू बना रहा। हीरापुर घाट की सड़क पर मुरम डालकर मार्ग को दुरुस्त किया गया। बरमान घाट पर गोताखोरों की टीम तैनात रही, जो स्नान करने वालों को सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश देती रही। गोटेगांव, तेंदूखेड़ा, करेली और बरमान सहित सभी प्रमुख घाटों पर पुलिस बल, होमगार्ड तथा नगर प्रशासन के कर्मचारी लगातार ड्यूटी पर तैनात रहे। श्रद्धा और उत्साह के बीच दो दुखद घटनाएँ भी सामने आईं। करेली थाना क्षेत्र के बरमान घाट पर 13 वर्षीय राजभोज पिता नारायण गौड़, निवासी केरपानी, स्नान करते समय गहरे पानी में डूब गया।इसी प्रकार तेंदूखेड़ा क्षेत्र के ककरा घाट पर 13 वर्षीय मोहित सोनी पिता संतोष सोनी, निवासी गाडरवारा, नहाते समय गहराई में चला गया और डूब गया। दोनों की तलाश में राज्य आपदा राहत बल (एसडीआरएफ) की टीम जुटी हुई है।



## श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**गोटेगांव।** बीते दिवस कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं का नर्मदा तटो पर उमड़ा जनसैलाब अल सुबह से ही श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा तटो पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई और पूर्ण विधि विधान मंत्र उच्चारण के साथ मां नर्मदा मैया जी की पूजन अर्चन किया ऐसा बताया गया है कि कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं द्वारा कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान करके आज तक की डुबकी लगाते है जिसका विशेष पुण्य मिलता है इस दिन गंगा स्नान को बहुत पुण्यकारी माना जाता है और यह आत्म शुद्धि व मोक्ष के लिए किया जाता है इसके अतिरिक्त योगदान पुण्य दीपदान और भगवान विष्णु से व लक्ष्मी की पूजा भी करते हैं इसी क्रम में गोटेगांव के नर्मदा तट मुआरघाट झांसीघाट शेल बेलखेड़ी घाट ब्रह्मकुंड घाट सहित अन्य घाटों पर सैकड़ो श्रद्धालुओं ने पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई और मां नर्मदा मैया से सुख समृद्धि की कामना की! साथ ही इस मौके पर सभी नर्मदा तटो पर नगरीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा भी घाटों पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए।

## धर्म वही है जो जीवों को संसार के दुखों से छुडाकर सच्चे सुख में पहुंचा देः मुनिश्री साक्ष्य सागर जी निवृत्तसागर जी महाराज



**तेंदूखेड़ा।** पट्टाचार्य चर्या शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्ध सागरजी महाराज के सान्निध्य में आगामी 9 दिसंबर से 15 दिसंबर 2025 तक 1008 श्री मुनिसुव्रत नाथ श्रीमज्जिनेंद्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ सम्पन्न होना है। दिगम्बर जैन मंदिर में आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के परम शिष्य 108 मुनि श्री साक्ष्य सागरजी महाराज एवं 108 मुनि श्री निवृत्तसागर जी महाराज विराजमान है। बडी संख्या में धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुनि श्री निवृत्तसागर जी महाराज ने कहा कि जिसे धारण किया जाए वह धर्म है। धर्म कोई बाजार में बिकने वाली वस्तु नहीं है । धर्म वह है जो प्राणियों को संसार के दुखों से निकाल कर सच्चे सुख में पहुंचा देता है। इस प्रकार सम्यक दर्शन सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र ही सच्चा धर्म है। समता भाव का नाम धर्म है, विनम्रता का नाम धर्म है सरलता का नाम धर्म है ।संतोष और सहजता का नाम धर्म है। परिणाम की निर्मलता का नाम धर्म है। जो क्रोध मान माया लोभ, हिंसा झूठ चोरी कुशल परिग्रह इनमें आसक्त है वह धर्म से कोसों दूर है । इसलिए अपने हृदय को मन को सरल और परिणामों को निर्मल बनाएं तभी धर्म के पथ पर आगे बढ़ सकते हैं। मुनि श्री साक्ष्य सागर जी महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा की जन्म जन्मों के प्रबल पुण्य के उदय से यह मानव पर्याय प्राप्त हुई है । मानव पर्याय अत्यंत दुर्लभ है। यह अमूल्य रत्न के समान है और जैसे कोई व्यक्ति बहुमूल्य रत्न को प्राप्त करके और उसे कंगूरे पर बैठे हुए कौवे को उड़ाने में खो देता है उसी प्रकार यह दुर्लभ मानव पर्याय को प्राप्त करके यदि इसे विषय भोगों में गवां दिया तो अंत में पछतावा रह जाता है। जैसे किसी को चंदन के वृक्षों का बाग मिल जाता है और वह उन चंदन के वृक्षों का जलाकर कोयला बनाकर बेच देता है तो उसे सबसे बड़ा मूर्ख ही कहा जाएगा क्योंकि उसने चंदन के मूल्य को समझा नहीं है। इसी तरह यह मानव जीवन है ।जो बड़ी दुर्लभता से प्राप्त हुआ है। इसे संसार के पांच इंद्रियों के विषय भोगों में गवा देना उसी व्यक्ति के समान है जो चंदन के वृक्षों को जलाकर कोयला बनाकर बेच देता है । व्यक्ति अहंकार में अपने आप को बहुत बड़ा मानकर किसी को कुछ भी नहीं समझता है । वह अपनी शक्ति ज्ञान भवन भूमि संपत्ति शरीर पूजा प्रतिष्ठा सम्मान आदि का अहंकार कर रहा है। परंतु यह संपत्ति भूमि भवन आज तक ना तो किसी के हुये है ना कभी आगे हो सकते है। बड़े-बड़े चक्रवर्ती हो गए लेकिन सभी इस संपत्ति को यहीं पर छोड़ कर चले गए । इसलिए किस बात का अभिमान करते हो । अपने सच्चे आत्म स्वरूप की पहचान करो । कोई किसी का नहीं है ।कोई किसी का स्वामी नहीं है ।अपने सच्चे स्वरूप को जानो पहचानो और क्रोध मान माया लोभ आदि कषाय भावों से हिंसादी पापों से बचकर क्षमा नम्रता सरलता सतोष संयम रुपी संपत्ति को धारण करो जिससे यह मानव जीवन सार्थक हो जायेगा।